प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जम्मू–कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग परियोजना का उद्‌घाटन किया। यह सुरंग लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच हर मौसम में आवाजाही सुनिश्चित करेगी। करीब 12 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग सुरंग परियोजना के निर्माण पर दो हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। यह सुरंग भूस्खलन और हिमस्खलन वाले मार्गों से बचाते हुए लद्दाख तक सुरक्षित और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगी। इससे पर्यटक अब साल भर सोनमर्ग जा सकेंगे, जिससे शीतकालीन पर्यटन, रोमांचक खेल और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिलेगा।

..................

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर के एक निजी होटल में टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्म में पर्यटन व्यवसाय से जुडे लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इनके क्षमता संवर्धन के लिए विभिन्न सत्र आयोजित किए जा रहे है। इन सत्रों को विषय विशेषज्ञ सम्बोधित कर रहे है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र को बढावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसीलिए इस प्रशिक्षण के माध्यम से पर्यटन व्यवसाय से जुडे लोगों से विचार विमर्श के साथ उनके सुझावों पर सरकार अमल करेगी ताकि राज्य का पर्यटन उद्योग चहुमुखी विकास कर सके।

..................

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी महाकुंभ मेले के शुभारंभ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पावन उपलक्ष्य सभी श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करे।

..................

प्रदेशभर में लोहड़ी का पर्व आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सूर्य देव और अग्नि के साथ ही प्रकृति पूजा के लिए समर्पित इस पर्व पर अग्नि की पूजा की जायेगी। साथ ही नवविवाहित दम्पत्तियों, नवजात बच्चों और देश प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए कामना की जायेगी। राजधानी जयपुर में विभिन्न स्थानों पर आयोजन होंगे। राजापार्क मुख्य चौराहे पर अग्नि प्रज्वलित कर लोहडी मनाई जायेगी। उधर, श्रीगंगानगर में भी सूर्यास्त के बाद लोग अग्नि प्रज्वलित कर इसकी परिक्रमा करेंगे।

..................

मकर संक्रांति पर्व कल मनाया जायेगा। इस अवसर पर जयपुर में पतंगबाजी का उल्लास रहेगा। पतंगबाजी के दौरान मांझे से घायल पक्षियों के उपचार के लिए पशु पालन विभाग ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। विभाग के सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि आज से 20 जनवरी तक पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक सहित सभी 16 अधीनस्थ पशु चिकित्सा संस्थाएं सुबह 6 बजे से शाम 8 बजे तक खुली रहेंगी। डॉ. शर्मा ने शहर वासियों से सुबह 6 से 8 और शाम 5 से 7 बजे के बीच पतंगबाजी नहीं करने की भी अपील की है।

..................

श्रीगंगानगर में पदमपुर के सीसीहेड के पास आज रोडवेज बस और जीप की टक्कर में तीन लोगो की मृत्यु हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को हायर सेंटर रैफर किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पदमपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पदमपुर एसएचओ ने बताया कि श्रीगंगानगर से रोडवेज बस बीकानेर के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से सामने से आ रही जीप से उसकी टक्कर हो गई। उधर पाली में कल देर शाम मंडिया बाईपास के पास एक कार असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर रेफर किया गया।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' इस बार 19 जनवरी को होगा। आकाशवाणी से ये कार्यक्रम दस वर्ष से भी अधिक समय से प्रसारित हो रहा है।

..................